# राधे राधे गाएंगे | By Ritu Karki

राधे राधे गाएंगे हम तो सांवरे को मनाएंगे
राधे के रंग रंग जायेंगे हम तो सांवरे को मनाएंगे
राधे राधे गाएंगे ……….

श्याम को पाने की है युक्ति
करलो श्री जी के चरणों में भक्ति
राधे राधे रटन लगाएंगे हम तो सांवरे को मनाएंगे
राधे राधे गाएंगे ……….

आओ लाड़ली के चरणों के पास
इन चरणों के श्याम हैं दास
राधे शरणन पे बलि जायेंगे हम तो सांवरे को मनाएंगे
राधे राधे गाएंगे ……….

जिसने भी श्यामा को रिझाया
कृष्ण शरण को निश्चित पाया
राधे बरसाना बस जायेंगे, हम तो सांवरे को मनाएंगे
राधे राधे गाएंगे ……….

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-by-ritu-karki/